## खबर संक्षेप



### डीएवी महिला कॉलेज में पर्यावरण व्याख्यान

**करनाल।** डॉ. गणेश दास डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय करनाल में आज "हरित परिसर और स्वच्छ भविष्य के निर्माण में सक्रिय युवाओं की भूमिका" विषय पर व्याख्यान डॉ. रमनजीत कौर की अध्यक्षता में हुआ। प्राचार्या डॉ. राकेश संधू ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारी भविष्य की पीढ़ियों के लिए अनिवार्य है। पेड़-पौधे लगाकर और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करके ही हम बाढ़, भूकंप व असामान्य वर्षा जैसी समस्याओं से बच सकते हैं।

### 25 को होगा मां भगवती जागरण का आयोजन

**घरौंडा।** जय माँ दुर्गा सेवा समिति के द्वारा अगामी 25 सितम्बर को रात्रि 8 बजे कुरुक्षेत्र के आकाश नगर में माँ भगवती के जागरण का आयोजन किया जाऐगा। इस धार्मिक कार्यक्रम में समाज कल्यान दल के चेयरमैन सचिन धीमान व अध्यक्ष श्याम सुन्दर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी सुमन ने देते हुए बताया कि आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### जेसीआई करनाल ने गोशाला में की सेवा



**करनाल।** जेसीआई करनाल ने अपने जेसीआई सप्ताह के तहत आज श्रीकृष्ण गोशाला में सेवा कार्य किया। मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण गोयल व विनोद गोयल (गैलेक्सी फूड्स) तथा वशिष्ठ अतिथि गोशाला प्रधान सुनील गुप्ता उपस्थित रहे। प्रधान रोबिंग गर्ग, सचिव रजनीश गर्ग और वीक कोऑर्डिनेटर कमल गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर मनीष बंसल, विकास बजाज, अमित गर्ग, डॉ. एस.के. गोयल, शिवम-अग्रवाल, विशाल जिंदल, हैप्पी लाठर, टोनी वीरेन गर्ग, अरुण गुप्ता, सिंपल गर्ग, रजनी गोयल, रोज़ी बंसल, इना गुप्ता, स्वाति गर्ग, निधि जिंदल, मीनू चोपड़ा मौजूद रहे।

---

## पीएम के जन्मदिन पर भाजपा कार्यालय कर्ण कमल रक्तदान शिविर

# आज से दो अक्तूबर तक पर्व के रूप में मनेगा सेवा पखवाड़ा

**सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य गरीबों व वंचितों के बीच सुधार, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान व विविधता में एकता उत्सव कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा शुरू किए जाने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 17 सितम्बर को भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर व अभियान प्रमुख कृष्ण गर्ग ने जानकारी दी कि यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, जिसमें 18 से 60 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकेगा। उन्होंने बताया कि भाजपा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित करेगी। इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और विविधता में एकता उत्सव जैसे आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई है।





तरावड़ी। कार्यक्रम की जानकारी देते जिलाध्यक्ष लाठर व शिव नाथ कपूर।

### जिले में सभी 1181 बूथों पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी

भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक प्रदेश भर में जहां हर बूथ पर सेवा पखवाड़े को एक पर्व के रुप में मनागी वहीं करनाल जिले में सभी 1181 बूथों पर सेवा पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर एवं जिला प्रवक्ता शिव नाथ कपूर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 17 सितंबर को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर इस पखवाड़े की शुरुआत धार्मिक स्थलों एवं अस्पतालों में फल इत्यादि वितरित करने के साथ-साथ रक्तदान शिविर लगाकर की जाएगी।प्रवीण लाठर एवं शिव नाथ कपूर ने बताया कि भारत ही नहीं विश्व के सबसे बड़े लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2अक्तूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के दौरान 25 सितंबर को महान चिंतक एवं भाजपा से पूर्व जनसंघ के प्रथम महामंत्री पंडित दीनदयाल जयंती के अवसर हर बूथ पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि करके उनके द्वारा अंतोदय के मिशन को जन-जन तक पहुंचाने का तथा उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं से आम जन को अवगत करवाया जाएगा।

#### गांधी जयंती पर समापन

सेवा पखवाड़े के दौरान जिला स्तर पर प्रदर्शनियों के माध्यम से तथा प्रबुद्ध जनों की संगोष्ठियों का आयोजन करके भी 2047 तक विकसित भारत में हर जन की भागेदारी किस प्रकार कारगर हो सकती है मंथन होगा। शिव नाथ कपूर ने बताया कि 15 दिनों के सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविरों का आयोजन, शहीदों की प्रतिमाओं की सफाई एवं नमन, स्वच्छता अभियान अनेक सामाजिक कार्यक्रमों के साथ 2 अक्तूबर को विजयादशमी के दिन महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सार्वजनिक स्वच्छता अभियान चलाकर आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने के साथ सेवा पखवाड़े का समापन किया जाएगा।

#### नगर खेड़े पर सेवा पखवाड़ा : स्वच्छता



**तरावड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक प्रदेशभर में हर बूथ पर सेवा पखवाड़े को एक पर्व के रुप में मनायेगी। विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बुधवार को 12 बजे दोपहर तरावड़ी नगर खेड़े पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उसके बाद वार्ड नंबर 5 शाम 4 बजे शनि मंदिर तरावड़ी के नजदीक फल वितरण का कार्यक्रम रखा गया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्तूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के दौरान 25 सितंबर को महान चिंतक एवं भाजपा से पूर्व जनसंघ के प्रथम महामंत्री पंडित दीनदयाल जयंती के अवसर हर बूथ पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि करके उनके द्वारा अंतोदय के मिशन को जन-जन तक पहुंचाने का तथा उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं से आम जन को अवगत करवाया जाएगा। उन्होने कार्यक्रम मे भाजपा कार्यकर्ताओं को बढ़चढ़ भाग लेने की अपील की।

#### केंद्रीय मंत्री व सभी विधायकों की भागीदारी

सेवा पखवाड़े में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर अपने लोकसभा क्षेत्र में तथा जिले के सभी विधायक एवं भाजपा के हर कार्यकर्ता की भागीदारी होगी। करनाल विधानसभा में विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी विधानसभा में विधायक भगवान दास कबीरपंथी,घरौंडा में विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक हरविंद्र कल्याण ,असंध में विधायक योगेन्द्र राणा तथा इंद्री में विधायक राम कुमार कश्यप अपने-अपने क्षेत्रों में सेवा पखवाडें का शुभारंभ करेंगे तथा सेवा पखवाड़े के दौरान होने वाले हर कार्य का संचालन भी करेंगे। जिसके लिए जिलाध्यक्ष लाठर ने जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़े के दौरान होने वाले अलग-अलग कार्यक्रमों को सुचारू ढंग से आयोजित करवाने को जिम्मेदारी भी दी गई है।

---



## विद्यार्थियों से पीएम के जन्मदिन पर पौधा रोपण करने की अपील

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| घरौंडा

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत नगरपालिका में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान चला रहा है। इसके तहत सार्वजनिक स्थान, मार्केट, पार्क, स्कूल व धार्मिक स्थानों में साफ-सफाई व जागरूकता कार्यक्रम भी किए जा रहें है। स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए नगर पालिका ने सभी सफाई कर्मचारियों को सफाई किट भी दी।

स्वच्छता अभियान की इस कड़ी में मंगलवार को रेलवे रोड़ स्थित राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता अभियान के दौरान लाइब्रेरियन सन्दीप लोहट, मोटिवेटर रेनू भूषण, सफाई निरक्षक राहुल बामनिया, योगेंद्र कुमार,स्कूल इंचार्ज नीरज बाला, अध्यापक अंजू बाला, पूजा चौहान, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता संदीप लोहट ने स्कूल छात्राओं को स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि आप अपने बैग, क्लास रूम, स्कूल व घर से स्वच्छता अभियान शुरू कर सकते हैं क्योंकि छोटे छोटे लक्ष्य पूरे करने से हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है फिर हम बड़े स्तर के लक्ष्य पूरे कर सकते हैं।उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें वातावरण स्वच्छता के साथ साथ विचारों की भी शुद्धता व सफाई भी जरूर करनी चाहिए।छात्राओं को सरकार की ओर से दिए हुए टैप में डिजिटल टेक्नोलॉजी का सकारात्मक प्रयोग ही करे।सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सरकार के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पूरा करने में सहभागिता हो।उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सभी अध्यापकों व छात्राओं को पौधा रोपण करने के लिए अपील भी की।

#### प्रतिदिन हो रही गतिविधियां

मोटिवेटर रेनू भूषण ने बताया कि अभियान के तहत जन जागरूकता अभियान, सार्वजनिक व जन शौचालयों की सफाई, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, जीरो वेस्ट कार्यालय, बाजारों की साफ-सफाई तथा हरा व नीला डस्टबिन को लेकर चेंकिंग, डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण व कचरा पृथक्करण करने जैसी विभिन्न गतिविधियां रोजाना चलाई जा रही हैं। गतिविधियों पर निगरानी के लिए सफाई दरोगा, सफाई सुपरवाइजर व स्वच्छता टीम रोजाना शहर का दौरा कर रही हैं।

---

## विद्यावती आनंद डीएवी महिला कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय करनाल में विज्ञान विभागों द्वारा संयुक्त रूप से विश्व ओजोन दिवस दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में मनाया गया।

प्राचार्या डॉ. मीनू शर्मा और रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह ने वनस्पति उद्यान में पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद ओजोन परत संरक्षण की शपथ ली गई और सभी छात्राओं व शिक्षिकाओं ने बैनर पर हस्ताक्षर किए।

राज्य स्तरीय ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें विभिन्न कॉलेजों से 113 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। दूसरे दिन छात्राओं के लिए "ओजोन बचाओ, पृथ्वी बचाओ" शीर्षक पर डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। छात्राओं को ओजोन परत संरक्षण का महत्व बताया। प्राचार्या डॉ. मीनू शर्मा ने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी को हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है और इसका संरक्षण सभी जीवों के लिए आवश्यक है। कडॉ. कंवलजीत विर्दी, डॉ. श्वेता धवन, डॉ. साक्षी अनेजा, डॉ. नादिया चौहान व अन्य विज्ञान विभाग की शिक्षिकाओं ने योगदान दिया।

---

डीएवी पीजी कॉलेज और आईटीआई में कार्यक्रम

## शिक्षा के साथ प्रतिभा खोज भी आवश्यक

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान में डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता टैलेंट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारना भी आवश्यक है। हमें युवाओं को मंच प्रदान कर उन्हें लक्ष्य तक ले जाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास जगाने और संस्कृति से जोड़ने का माध्यम भी हैं।

डॉ. पूनम वर्मा ने अपने स्वागत भाषण में कॉलेज की उपलब्धियों की जानकारी दी। निर्णायक मंडल में डॉ. लवनीश, डॉ. अंशु, डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. रेखा चौधरी, डॉ. अनीता और डॉ. दीपिका कथूरिया शामिल किया गया। मंच संचालन डॉ. राधिका ने किया। छात्र-छात्राओं ने रागिनी, गीत, गजल, नृत्य और कविता से दर्शकों का मन मोह लिया। विजेताओं को प्राचार्य ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया।







#### ये रहे परिणाम

गीत गायन में कुशल प्रथम, दिवांक द्वितीय, औंकार तृतीय, डांस में रितिका प्रथम, निधि द्वितीय, स्नेहा तृतीय, मेहंदी में प्रियांशी प्रथम, आंचल द्वितीय, माही तृतीय रहीं। कविता पाठ में उर्वशी प्रथम, कर्ण शर्मा द्वितीय, नीतिन तृतीय, भाषण में सुरभि प्रथम, देव द्वितीय, किशन तृतीय, पेंटिंग में प्रिंस प्रथम, शिमरन द्वितीय, क्विज में अमन प्रथम, प्रिंस द्वितीय, सूर्यांश तृतीय, वादविवाद में उर्वशी प्रथम व पोस्टर मेकिंग में महक प्रथम, आशा द्वितीय, वानी तृतीय, रहे।

#### पोस्टर, स्लोगन व आइडिया प्रतियोगिता आयोजित

**करनाल।** युवा उद्यमिता एवं कौशल रोजगार विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करनाल में विश्व उद्यमिता पखवाड़े के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और आइडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य राकेश भाटिया ने किया। जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

#### ये रहे परिणाम

पोस्टर मेकिंग में गौरव (पीजी कॉलेज) प्रथम, मनीषा (जीएसएसएस दादूपुर) द्वितीय, नेहा (जीएसएसएस मंगलपुर) तृतीय व स्लोगन राइटिंग में सारा (दयाल सिंह कॉलेज) प्रथम, आस्था (पीएम श्री स्कूल) द्वितीय, तीशा (आईटीआई तरावड़ी) तृतीय व आइडिया में साधना (कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज) प्रथम, सोनिया (आईटीआई करनाल) द्वितीय, युवराज (आईटीआई बल्ला) तृतीय रहे।

---

## डेरी मंदिर से हुई थी फ्री भोजन की शुरुआत



**तरावड़ी।** जब के शहर के किसी साधन-सम्पन्न परिवार के किसी सदस्य को शहर की किसी धार्मिक संस्था का अध्यक्ष बनाकर उसे उसकी कमान सौंपी जाती है तो उस परिवार को यह समझ लेना चाहिए कि अब उस पर भगवान की कृपा दृष्टि आनी शुरू हो गई है। शहर के पंजाबी बिरादरी के मसीहा रहे स्व. लाला नारायण दास खुराना के बेटे नंद किशोर खुराना लंबे समय से पंजाबी धर्मशाला के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं। स्व. लाला नारायण दास खुराना एक समय दो वक्त की रोटी के लिए ढाक के पत्ते बेचकर परिवार पालते थे।

#### पिता ने दी अच्छी पहचान

आज मेरे पिता इस संसार में भले ही न हों पर उन्होंने समाज में हमें पहचान दी व अच्छे संस्कार दिए हैं कि शहर के लोगों ने पंजाबी धर्मशाला की सेवा हमारे परिवार को देकर हमारा मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया है। इस अवसर पर प्रेम खुराना मुख्य रूप से मौजूद थे।

#### 150 एकड़ भूमि खरीदी

भगवान ने इस परिवार पर इतनी कृपा की कि उस जमाने में 150 एकड़ भूमि खरीद करने का इतिहास भी इसी परिवार के नाम है। जब इस मामले को लेकर पंजाबी धर्मशाला के अध्यक्ष नंद किशोर खुराना से बात की तो उन्होंने कहा कि जिसने धरती पर जन्म लिया है, उसका एक दिन जाना कड़वा सच है।

---

## इंद्री से निकलेगी स्वदेशी संकल्प यात्रा रामकुमार कश्यप दिखाएंगे हरी झंडी

**करनाल।** स्वदेशी जागरण मंच के देशव्यापी अभियान के तहत करनाल जिले में 17 सितंबर को स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 11 बजे इंद्री के शहीद ऊधम सिंह चौक स्थित हर्बल पार्क से शुरू होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक व विधानसभा में चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप हरी झंडी दिखाकर करेंगे। इस मौके पर उद्योगपति और अखिल भारतीय कश्यप ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप कश्यप भी मौजूद रहेंगे। जिला संयोजक कृणाल आवर्ती और श्रुति काम्बोज ने बताया कि यात्रा इंद्री के प्रमुख बाजारों से होकर वाल्मीकि चौक तक पहुंचेगी। इसमें व्यापारी, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि व प्रबुद्धजन शामिल होंगे। श्रुति काम्बोज ने कहा कि वे पहले ही इंद्री क्षेत्र के कई गांवों में सभाएं कर चुकी हैं।

---

## सर्वसम्मतिः रोड महासभा के डेलीगेट बने वलविंदर सिंह

**करनाल।** रोड महासभा के चुनावों में वार्ड-75 से समाजसेवी वलविंदर सिंह दूसरी बार सर्वसम्मति से डेलीगेट निर्वाचित हुए। उनके खिलाफ किसी ने नामांकन तक नहीं किया। इस बार तीन सौ सदस्यों में से लगभग 60 सदस्य निर्विरोध चुने गए, जिससे नई परंपरा बनी है। वलविंदर सिंह, जो नीलोखेड़ी हलके के डावरथला गांव निवासी हैं, ने कहा कि उनकी प्राथमिकता युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाना होगी। उन्होंने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि महासभा का प्रधान भी सर्वसम्मति से चुना जाना चाहिए।

---

## डॉ. रोहित गुप्ता और नमिता कुमारी बने ब्रिक्स समिति के सदस्य



**करनाल।** विदेशी आर्थिक गतिविधि समिति (ब्रिक्स) ने यूरेशिया एफ्रो चैंबर ऑफ कॉमर्स के वैश्विक अध्यक्ष डॉ. रोहित के. गुप्ता को विस्तारित जिम्मेदारियों के साथ समिति का सदस्य नियुक्त किया है। उनके साथ भारत की युवा प्रतिनिधि नमिता कुमारी को भी सदस्य चुना गया है।

डॉ. गुप्ता का नामांकन किर्गिजस्तान टीम द्वारा किया व औपचारिक घोषणा रूसी संस्था ने दी। यह समिति 41 देशों और 225 से अधिक सदस्यों के नेटवर्क के साथ वैश्विक व्यापार, निवेश व आर्थिक सहयोग में सुधार लाने के लिए काम कर रही है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. रोहित गुप्ता ने कहा कि यह अवसर भारत के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता सतत विकास, मानवीय सहयोग और वैश्विक व्यापार को नई मजबूती प्रदान करने की रहेगी। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि इस समिति में भारत की भूमिका और अधिक सशक्त होगी।

---

## वर्षों से चावल व्यापारी रमेश नारंग कर रहे गाय की सेवा

**तरावड़ी।** जब कोई व्यक्ति अपने व्यस्त जीवन में कोई नियम बना लेता है तो उस परिवार की रक्षा भगवान जरूर करता है। अगर आप लोग चाहते हैं कि भगवान की कृपा हम परिवारों पर हमेशा बनी रहे तो इसके लिए आपको अपनी दिनचर्या में कोई ऐसा कार्य जोड़ना पड़ेगा कि जिस काम को करने के बाद भगवान आप पर प्रसन्न हो जाए। इस शहर के चावल एक्सपोर्टर रमेश नारंग जिन्हें गोभक्त के नाम से भी जाना जाता है। उनकी दिनचर्या शांतिवन गोपाल गऊशाला में गायों की सेवा करने के बाद ही शुरू होती है। उन्होंने बताया कि गऊशाला में जाते हुए मुझे 20 वर्ष से भी अधिक समय बीत चुका है। आज चावल व्यापार में मेरी जो एक सफल चावल व्यापारी के रूप में पहचान बनी है यह सब गाय के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है।



---

## जीएसटी सुधारों से अमेरिकी टैरिफ बेअसर : प्रवेश शर्मा



**करनाल।** भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में आज आयोजित पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं आयकर अधिवक्ता प्रवेश शर्मा ने कहा कि नए जीएसटी रिफॉर्म्स से अमेरिकी टैरिफ का असर बेअसर हो गया है और विपक्ष का नैरेटिव भी ध्वस्त हुआ है। मोदी सरकार के ऐतिहासिक निर्णय से रोजमर्रा की वस्तुएँ, दवाइयाँ, बीमा, टू-व्हीलर और इलेक्ट्रॉनिक सामान सस्ते होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि 22 सितम्बर, नवरात्रों से पहले जनता को जीएसटी सुधारों का तोहफा मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि इन सुधारों से माँग और निवेश दोनों बढ़ेंगे और करोड़ों युवाओं को रोजगार मिलेगा। मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक कुमार पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---



## धान खरीद में राइस मिलरों की मनमानी रोके

**करनाल।** भाकियू सर छोटूराम का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डीसी उत्तम सिंह से मिला और किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि धान खरीद के दौरान राइस मिलर नमी के नाम पर मनमानी कटौती करते हैं, जिसे तुरंत बंद किया जाए। किसान नेताओं ने मांग की कि मंडियों में इलेक्ट्रॉनिक कांटे और मॉइस्चर मीटर का प्रयोग सख्ती से लागू हो। करनाल मंडी के सभी गेट खोले जाएं ताकि जाम की समस्या खत्म हो।

---

## पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्सः 82 प्लॉट धारकों को दो टूक संदेश

# 15 दिन में शुरू नहीं किया तो जब्त होंगे प्लाट



- अब तक 231 में से 144 प्लाट आबंटित, 50 डेयरी शिफ्ट, 70 नए आवेदन, लाइट, सड़क व दीवारी की मरम्मत के भी दिए

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्स के 82 प्लॉट धारकों को कड़ा निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि सभी धारक 15 दिन के भीतर अपने-अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू करें, अन्यथा निगम न केवल उनके प्लॉट बल्कि जमा की गई धरोहर राशि भी जब्त कर लेगा। इसके बाद निगम इन प्लॉट्स को ड्रा प्रक्रिया के माध्यम से अन्य इच्छुक डेयरी संचालकों को आवंटित करेगा।

डेयरी कॉम्प्लेक्स में कुल 231 प्लॉट हैं, जिनमें से अब तक 144 आबंटित किए जा चुके हैं। इनमें से 50 डेयरियां स्थानांतरित होकर चल रही हैं और 5 प्लॉट्स पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। चौथे ड्रा के लिए निगम को अब तक 70 नए आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। निगम अधिकारियों को कॉम्प्लेक्स में चारदीवारी, स्ट्रीट लाइट और गलियों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि डेयरी संचालकों को आवश्यक सुविधाएं समय पर मिल सकें। डॉ. शर्मा ने साफ चेतावनी दी कि इस बार ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जो भी प्लॉट खाली पाए गए, उन्हें तुरंत जब्त कर आगे आवंटित कर दिया जाएगा।

---

## जनसंवाद व सीएम विंडो शिकायतों की समीक्षा बैठक

**करनाल।** जिला सचिवालय में मंगलवार को नगराधीश मोनिका की अध्यक्षता में जनसंवाद और सीएम विंडो की लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों की स्थिति पर चर्चा की गई।

सीटीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि हर शिकायत की एटीआर (**Action Taken Report**) तुरंत भेजी जाए और पुरानी शिकायतों का प्राथमिकता से निपटारा किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से उन शिकायतों पर जोर दिया जो एक से अधिक विभागों से जुड़ी हैं और कहा कि संबंधित विभाग मिलकर इनका जल्द समाधान सुनिश्चित करें।

बैठक में राजस्व, एचएसवीपी, बीडीपीओ, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा, कृषि एवं किसान कल्याण, रोडवेज समेत कई विभागों से लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर एसडीएम इंद्री अशोक कुमार, डीडीपीओ कंचन लता, डीआरओ मनीष यादव, डीईईओ रोहतास वर्मा, बीडीपीओ मोनिका, गुरमालख सिंह, सोमवीर खटकड़, शिखा, रोडवेज जीएम कुलदीप, कृषि विभाग उपनिदेशक वजीर सिंह, रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली

# जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

रैली का शुभारंभ कॉलेज इंचार्ज डॉक्टर सुमन लता ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह ने जागरूकता रैली निकाल कर जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं रैली का शुभारंभ कॉलेज इंचार्ज डॉक्टर सुमन लता ने किया। वहीं डॉ. लता ने कहा कि छात्राओं को स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। वहीं अपने परिजनों, आस पडोसियों, कॉलोनी निवासियों, गांव वालों, शहर वालों, रिश्तेदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए। वहीं स्वच्छता रैली का आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर रितु, असिस्टेंट प्रोफेसर मंजू, असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योति, उर्मिला की देखरेख में हुआ। रैली में पूनम, प्रियंका, रीना, मनीषा, किरण, अन्नू, नीति, नीतू, रेनु, खुशी, नैंसी, अंशु, स्नेहा समेत बडी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।




पानीपत। चौधरी देवीलाल कॉलेज की छात्राएं, स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आईबी कॉलेज के रेड रिबन क्लब ने एड्स रोधी जागरूकता रैली निकाली

पानीपत। आईबी कॉलेज के रेड रिबन क्लब (आरआरसी) द्वारा शहर में एचआईवी/एड्स रोधी जन जागरूकता रैली निकाली। रैली में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। वहीं, रैली का उद्देश्य युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों में इस रोग के प्रति सजगता, सावधानी तथा जागृति का प्रसार करना था। इधर, रैली को प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने हरि झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि एड्स से बचाव के लिए चरित्रवान बनें। आईबी कॉलेज में बायोलॉजिकल एसोसिएशन, केमिकल एसोसिएशन, ईको क्लब तथा पर्यावरण अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ओज़ोन दिवस पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम वंदिता, तन्नु द्वितीय, नर्गिस तृतीय, ऋतु, विजेता रही। विजेताओं को प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर संगीता, अन्जुश्री, रजनी, नीलम थरेजा, स्वाति, डॉ. वसुंधरा मदान अन्नू आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। आईबी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्र में। फोटो :हरिभूमि




पानीपत। वित्तीय समाशोधन संतृप्ति शिविर में भाग लेते विभिन्न बैंक अधिकारीगण।

### वित्तीय समाशोधन संतृप्ति शिविर का आयोजन

पानीपत। पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय की ओर से सोमवार को गांव सिवाह में वित्तीय समाशोधन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना और प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक विवेक श्रीवास्तव, महाप्रबंधक पंकज सेतिया और पीएनबी के अंचल प्रबंधक ललित तनेजा उपस्थित रहे। इस अवसर पर पीएनबी के मंडल प्रमुख अमय कुमार सिंह, पानीपत अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक विकास शर्मा, केनरा बैंक के मंडल प्रमुख प्रदीप झा, पंजाब सिंध बैंक के महाप्रबंधक मनोज कुमार, सर्व हरियाणा बैंक के महाप्रबंधक ओम प्रकाश, गांव सिवाह के सरपंच रणदीप आर्य, राजकीय विद्यालय के प्रिंसिपल सुरेंद्र और मंडल कार्यालय से हार्दिक आनंद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं : राणा

पानीपत। भारत और हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण मुहिम स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत राजकीय स्कूल गांव बड़ौली में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य ओम सिंह राणा ने प्रतियोगिताओं की शुरुआत व कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने संचालन किया। वहीं, राणा ने बताया कि स्वच्छता अभियान के महत्व को आमजन को समझाना चाहिए ताकि भारत देश को स्वच्छ बनाने के लिए हर इंसान का योगदान रहे। स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की जरूरत है। आम जन को स्वच्छता के महत्व को समझाना होगा। अपने आसपास के परिवेश को साफ सुथरा रखना चाहिए ताकि बीमारियों से दूर रह सकें। इधर, पेंटिंग बनाने में सावन मिटान नवप्रीत कौर आरती मीनाक्षी, स्लोगन लेखन में आर्यन वंश पायल पावनी खुशी सोनिया कार्तिक, पोस्टर बनाने में आर्यन राखी नेहा गुंजन सपना राधिका खुशी शिल्पा विजेतर रहे। सभी को पुरस्कृत किया गया।



राजकीय स्कूल, गांव बडौली के विद्यार्थी अपनी चित्रकला का प्रदर्शन करते हुए।

## नशे मनुष्य के लिए घातक

# नशे के विरूद्ध रोडवेज के प्रशिक्षु चालकों को जागरूक किया




पानीपत। नशे के विरुद्ध शपथ लेते हुए डॉ. अशोक वर्मा व प्रशिक्षु रोडवेज बस चालक।

- ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 93 वां जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने मंगलवार को हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा संचालित चालक प्रशिक्षण केंद्र पानीपत पहुंचे।

वहीं, यह ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 93 वां जागरूकता कार्यक्रम था। प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी राकेश शर्मा और अनिल कुंडू की अध्यक्षता में 77 चालक प्रशिक्षुओं और 9 अन्य कर्मियों ने भाग लिया। इधर, एसआई डॉ. अशोक वर्मा ने प्रशिक्षुओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए बताया कि विधि के अनुसार नशे दो प्रकार के हैं। एक प्रतिबंधित जिसके लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 1985 में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट बनाया था जो आज समस्त भारत पर लागू है। इस अधिनियम के अनुसार अफीम, चरस, भांग, कोकीन, ब्राउन शुगर, हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, नशे की गोलियां आदि प्रतिबंधित हैं। ये नशे मनुष्य के लिए घातक हैं। ऐसे नशे की लत से अपना बचाव करें।

## न्यूज डायरी

### किशोरी को गर्भवती करने के दोषी को 20 साल की कैद

पानीपत। पास्को एक्ट फास्ट ट्रैक कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पीयूष शर्मा ने किशोरी के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने के आरोपी कमलेश चौधरी मूल निवासी गांव नेगवा जिला सतना, मध्य प्रदेश हाल निवासी गांव कचरौली, जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं, जज शर्मा की अदालत ने दोषी कमलेश पर 25 हजार का जुर्माना भी किया है। जुर्माना नहीं देने पर कमलेश को दो साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि थाना सदर पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर 7 अप्रैल सन 2023 को उसकी नाबालिक बेटी के साथ दुष्कर्म करते हुए गर्भवती करने के आरोप में कमलेश पर केस दर्ज किया था। वहीं इस केस से संबंधी तमाम कागजी कार्रवाई के बाद नाबालिग गर्भवती किशोरी का जहां गर्भपात करवाया। वहीं आरोपी कमलेश को थाना सदर पुलिस ने गिरफ्तार किया। इधर, थाना सदर पुलिस द्वारा आरोपी कमलेश के खिलाफ पेश किए गए साक्ष गांव की गवाही के आधार पर जज पीयूष शर्मा की कोर्ट ने कमलेश को 20 साल की कठोर कैद की सजा दी है।

### टीबी के रोगियों को चिंहित किया

पानीपत। इसराना एसडीएम कार्यालय में मंगलवार को टीबी मुक्त पंचायत अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एसडीएम नवदीप सिंह नैन ने बताया कि इसराना और मतलौडा ब्लॉक में कुल 752 टीबी मरीज चिह्नित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग एनटीइपी कार्यक्रम के तहत मरीजों को घर जाकर निःशुल्क टेस्ट, दवाइयां और डाइट उपलब्ध करा रहा है। वहीं सरकार की योजना के अनुसार, जनवरी तक जो पंचायत टीबी मुक्त होगी, उसे पुरस्कृत किया जाएगा।

### कुलदीप अध्यक्ष बने

पानीपत। हरियाणा कर्मचारी संघ के इसराना ब्लॉक के चुनाव में कुलदीप काली रमन को प्रधान व संदीप हमसा को सचिव, संजू को कैशियर व गुरदीप सिंह को उप प्रधान, विनोद कुमार व अमित हुड्डा को वरिष्ठ उप प्रधान, संदीप सिंह को प्रेस सचिव, सचिन शर्मा व आजाद सिंह को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। वहीं, चुनाव संघ के जिला प्रधान अमरीश त्यागी व मुख्य संगठन सचिव रामकुमार की देखरेख में हुआ।

### लापता बच्ची दो घंटें में बरामद

पानीपत। पानीपत पुलिस ने हरिनगर की मांगे राम कॉलोनी से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई आठ वर्षीय बच्ची को महज दो घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा। स्मरणीय है कि थाना पुराना औद्योगिक में हरि नगर की मांगे राम कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने सोमवार देर रात थाना में आकर पुलिस को अपनी बेटी क लापता होने की सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई।

### घर में चोरी करने वाला पकड़ा

पानीपत। थाना चांदनी बाग पुलिस ने विद्यानंद कॉलोनी में प्रदीप के घर से नगदी चोरी करने वाले आरोपी इसकी कालोनी के निवासी सूरज पुत्र मुकेश को गिरफ्तार किया है। इधर, थानेदार संदीप ने बताया कि इस मामले में प्रदीप की शिकायत पर केस दर्ज है। पुलिस ने सूरज को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

## खबर संक्षेप

### बसपा की प्रदेश स्तरीय मासिक बैठक आयोजित

पानीपत। बसपा की प्रदेश स्तरीय मासिक बैठक संत शिरोमणि गुरू रविदास मंदिर इंद्रा कालोनी में हुई। बैठक में पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल, केंद्रीय राज्य प्रभारी हरियाणा प्रताप सिंह, प्रदेश प्रभारी हरियाणा विशाल गुर्जर, नेतराम, दलबीर भान, रामसिंह फौजी, प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर, पानीपत जिलाध्यक्ष फूल कुमार नंबरदार आदि ने भाग लिया।

### श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव आज

पानीपत। श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा द्वारा बुधवार को श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सभा के मीडिया प्रभारी मोहन लाल ने बताया कि समारोह में समाज हित में किए गए सराहनीय कार्यों एवं युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनने पर समाज के लोगों को श्री विश्वकर्मा सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

### पॉलिथीन मुक्त होगे गांव

पानीपत। पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष रूप से जिले के पांच गांवों को पॉलिथीन मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों, स्वयंसेवी संगठनों और ग्रामीण जनता का सहयोग लिया जाएगा।

# मेहुल जैन बने स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर

- मेहुल जैन ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्षद नवल जिंदल व मेयर कोमल सैनी का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के प्रमुख समाजसेवी व वरिष्ठ अधिवक्ता मेहुल जैन को पानीपत की प्रथम नागरिक मेयर कोमल सैनी से विचार विमर्श करके वार्ड नौ के पार्षद नवल जिंदल के द्वारा वार्ड नौ का सफाई अभियान के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। इधर, पार्षद नवल जिंदल ने बताया की मेहुल जैन काफी वर्षों से स्वच्छता के लिए कार्य कर रहे हैं और अपने यूनिक अआईडियाज के लिए पहचाने जाते हैं, वहीं जैन अपनी संस्था आरंभ फाउंडेशन के माध्यम से पिछले 10 सालों से लगातार स्वच्छता के लिए कार्य कर रहे हैं और उन्हें उनके इन्हीं कामों को देखते हुए उनको वार्ड नौ का स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। दूसरी ओर, मेहुल जैन ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्षद नवल जिंदल व मेयर कोमल सैनी का आभार जाते हुए कहा कि उनकी सेवाएं वार्ड नौ तक ही सीमित नहीं रहेगी, वे पूरे निगम क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देंगे।



मेहुल जैन।

# भाजपा के सेवा पखवाड़े का शुभारंभ रक्त दान से होगा : दुष्यंत भट्ट



पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

- भाजपा जिला के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

देश के प्रधानममंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए भाजपा जिला के सभी पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में 25 सितम्बर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर होने वाले जिला भाजपा कार्यालय के उद्घाटन समारोह पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जिला महामंत्री सुनील कंसल, जिला उपाध्यक्ष रोशन लाल माहला, नवीन भाटिया, चांद भाटिया, अनीता चावला, संजय त्यागी, ज्योति शर्मा, कृष्ण, नरेश बेनीवाल ने भी अपने सुझाव दिए। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने सभी पदाधिकारियों को अपनी अपनी जिम्मेदारी मौके पर ही सौंप दी। भट्ट ने बताया कि सेवा पखवाड़े का शुभारंभ गौशाला में रक्तदान शिविर के साथ होगा।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद में जुटे बॉलीवुड स्टार रविंद्र कुहाड़, आर्थिक मदद की

- समाज के लोगों से भी अपील की कि वे मुसीबत में फंसे लोगों की सहायता के लिए आगे आएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए बॉलीवुड स्टार रविंद्र कुहाड़ आगे आए। उन्होंने हिसार जिले के उकलाना क्षेत्र के गांव लितानी में बाढ़ पीड़ितों के परिवार से मुलाकात की और उनकी आर्थिक मदद भी की। उन्होंने कहा कि ऐसे मुश्किल समय में समाज के हर वर्ग को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों से भी अपील की कि वे मुसीबत में फंसे लोगों की सहायता के लिए आगे आएं। उनका यह प्रयास न केवल बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाएगा, बल्कि यह समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा। विदित रहे अभिनेता रविंद्र कुहाड़ पानीपत जिले के समालखा से हैं तथा हाल ही में उनकी फिल्म जोरा रिलीज हुई थी।



पानीपत। बॉलीवुड स्टार रविंद्र कुहाड़ हिसार के गांव लितानी में बाढ़ पीडितों से मिलते हुए। फोटो :हरिभूमि

# कमेरे वर्ग के मसीहा थे चौ.देवीलालः डॉ. नैन

- ताऊ देवीलाल की याद में इनेलो की रोहतक रैली ऐतहासिक होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

युवा इनेलो के प्रधान महासचिव डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि ताऊ देवीलाल कमेरे वर्ग के मसीहा था, उन्होंने ताउम्र देश के कमेरे वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं नहीं किया, बल्कि कमेरे वर्ग को अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुट कर मुख्य धारा में शामिल किया। डॉ. नैन ने दावा किया कि ताऊ देवीलाल की याद में 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने जा रही इनेलो की रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में हरियाणा ही नहीं बल्कि दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वे नेता व प्रबुद्ध नागरिक भी भाग लेंगे जो चौधरी देवीलाल के सहयोगी रहे और उनकी विचारधारा पर चल कर देश, समाज व मानवता की सेवा कर रहे है। वहीं, डॉ नैन ने मंगलवार को मतलौडा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को ताऊ देवीलाल की याद में आयोजित होने जा रही रैली का न्यौता दिया।



इनेलो नेता डॉ नवीन नैन भालसी।

## सूदखारों के खिलाफ शिकायत मिलने पर अभी तक छह मामले दर्ज किए जा चुके

# पानीपत में सूदखोरों की पहचान करने में जुटी पुलिस

*तीन मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने पुलिस अधिकारियों के साथ जिला सचिवालय में बैठक कर पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में सूदखोरों की पहचान कर उन पर कार्रवाई की सख्त निर्देश दिए है। कप्तान सिंह ने थाना प्रभारियों को सूदखोरी पर प्रभावी रोकथाम, निगरानी रखने, सूदखारों की पहचान करने में तेजी लाने व कार्रवाई के कड़े निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि जिले में अवैध तरिके से उंचे ब्याज पर कर्ज देकर लोगों का शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसपी सिंह ने कहा कि अधिकतर ऐसे मामले सामने आते है कि सूदखोर, गरीब असहाय व्यक्तियों को कर्ज देकर महंगे ब्याज की अदायगी के बोझ तले दबा देते हैं और बाद में मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने लगते है। जिले में सूदखारों के खिलाफ शिकायत मिलने पर अभी तक छह मामले दर्ज किए जा चुके है और इनमें तीन मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



पानीपत। पानीपत के कप्तान भूपेंद्र सिंह, पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बैंक से लोन लें

पुलिस अधीक्षक सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे सूदखारों के झांसे में न आएं। यदि पैसों की आवश्यकता है तो केवल वित्तीय संस्थानों, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बैंक से ही सस्ता व सुरक्षित लोन लें। सूदखारों से संबंधित कोई भी शिकायत सीधे थाना, चौकी में दर्ज करा सकते है। शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### अंगीकार अभियान शुरू किया

पानीपत। अतिरिक्त उपायुक्त एवं निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव ने कहा कि नगर निगम के सिटी मिशन मैनेजमेंट युनिट की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना दो के तहत अंगीकार अभियान शुरू किया जा रहा है। यह अभियान 17 सितंबर को आवास दिवस के अवसर पर शुरू होगा और 27 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान पात्र लाभार्थियों को न केवल आवास योजना से जोड़ा जाएगा, बल्कि केंद्र सरकार की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का भी लाभ दिलवाने पर जोर रहेगा।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

श्री बाल कृष्ण पुत्र लेट श्री सुखदयाल निवासी मकान नम्बर 8-आर, नजदीक डी०ए०वी० पार्क, माडल टाउन, तहसील व जिला पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री बाल कृष्ण पुत्र लेट श्री सुखदयाल निवासी मकान नम्बर 8-आर, नजदीक डी०ए०वी० पार्क, माडल टाउन, तहसील व जिला पानीपत का स्थाई निवासी है। यह कि लेट श्री सुख दयाल पुत्र लेट श्री खेम चन्द की मृत्यु दिनांक 26/08/2024 को हो चुकी है व माता लेट श्रीमति राम बाई पत्नी लेट श्री खेम चन्द की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि लेट श्री सुख दयाल पुत्र लेट श्री खेम चन्द की मृत्यु उपरान्त निम्नलिखित वारिस इस प्रकार है:- 1. श्रीमति बिमला रानी विधवा, 2. श्री गुलशन कुमार पुत्र, 3. श्री बाल कृष्ण पुत्र, 4. सुषमा कुमारी पुत्री, 5. पम्मी चावला पुत्री व 6. कंचन बतरा पुत्री लेट श्री सुख दयाल पुत्र लेट श्री खेम चन्द है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। सुभाष पटवारी व कमल अरोडा नगर निगम पार्षद वार्ड नम्बर 10 द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसन की तसदीक की गई है। इसके इलावा अन्य कोई वारिस/ उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यत से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 16-9-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री सरदारी लाल निवासी मकान नम्बर 301, सुभाष कालोनी, तहसील कैम्प, तहसील व जिला पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री सरदारी लाल निवासी मकान नम्बर 301, सुभाष कालोनी, तहसील कैम्प, तहसील व जिला पानीपत का स्थाई निवासी है। यह कि लेट श्री सरदारी लाल पुत्र श्री बहादर चन्द की मृत्यु वर्ष 1973 में हो चुकी है व माता लेट श्रीमति रामदेही पत्नी श्री बहादर चन्द की मृत्यु सरदारी लाल से काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि लेट श्रीमति कौशल्या देवी पत्नी लेट श्री सरदारी लाल की मृत्यु 05/12/2011 को हो चुकी है। यह कि लेट श्री सरदारी लाल पुत्र श्री बहादर चन्द की मृत्यु उपरान्त निम्नलिखित वारिस इस प्रकार है:- 1. श्री कृष्ण लाल पुत्र 2. श्री मदन लाल पुत्र 3. उषा रानी पुत्री 4. चंचल रानी पुत्री 5. रमेश रानी पुत्री लेट श्री सरदारी लाल है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। सुनील मलिक पटवारी व राजीव नम्बरदार व अंजली शर्मा नगर निगम पार्षद वार्ड नम्बर 4 द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसन की तसदीक की गई है। इसके इलावा अन्य कोई वारिस/ उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यत से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश करसकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 16-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री से लाखों का सामान चोरी

**अंबाला।** टांगरी नदी के उफान पर आने के बाद 3 सितंबर को औद्योगिक क्षेत्र में हुए जलभराव के बीच एक फैक्टरी में चोरी हो गई। महेश नगर थाना पुलिस को दी तहरीर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी निखिल वर्मा ने बताया कि उनकी कैंट के औद्योगिक क्षेत्र में एसएम मशीन टूल के नाम से कंपनी है। 3 सितंबर को औद्योगिक क्षेत्र में हुए जलभराव के कारण छह-छह फीट तक पानी भर गया था। 14 सितंबर को वह अपनी प्रबंधक वकील रमनीक कौर मरवाह के साथ गया तो देखा कि कैंची गेट खुला हुआ था। कार्यालय के दरवाजे का शीशा टूटा हुआ था। सारा सामान अस्त-व्यस्त था व चोरी की घटना घटित हो चुकी थी। हालांकि वह अभी नुकसान का सही अनुमान नहीं लगा पाए है। पुलिस द्वारा फिलहाल चोरी हुए सामान की कीमत साढ़े तीन लाख रुपये आंकी गई है।

### राम नगर में 3500 रुपये की नकदी चोरी

**अंबाला।** राम नगर स्थित मकान में चोरी हो गई। राम नगर के आशुतोष सहगल ने बताया कि वह अपने घर पर नहीं था। 13 सितंबर को गया तो देखा कि घर से एक सिलिंडर, 1 बेटे का चांदी का कड़ा, 3500 रुपये की नकदी नहीं मिली। सीसीटीवी खंगाले तो पता चला कि 7 सितंबर को सुबह के समय शिवपुरी कॉलोनी निवासी युवक मिथुन घर के ताले खोल सामान चुरा ले गया। महेश नगर थाना पुलिस ने मिथुन पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी विजय कुमार उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। प्रबंधक थाना पंजोखरा ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता रमेश कुमार ने 9 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 7 सितंबर 2025 को सेक्टर-बी डिफेंस कॉलोनी में स्थित मकान से आरोपी ने बिजली की तार का बंडल चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### साइबर अपराध की शिकायतों में गिरावट

**अंबाला।** भारती एयरटेल ने घोषणा की है कि उसके द्वारा शुरू की गई एंटी-फ्रॉड पहलों के चलते साइबर अपराध की शिकायतों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इस प्रभाव की पुष्टि हाल ही में गृह मंत्रालय (एमएचए) के भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से भी हुई है। गृह मंत्रालय के अनुसार, एयरटेल नेटवर्क पर वित्तीय नुकसान के मूल्य में 68.7% की भारी गिरावट आई है।

---

दूसरी व तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की गणित और हिंदी विषयों की दक्षता जांची

# अध्यापकों ने कुल 6378 बच्चों का किया आंकलन

*आंकलन के लिए 950 पीजीटी और टीजीटी की ड्यूटी लगायी गई थी। इन अध्यापकों ने आवंटित विद्यालयों में बच्चों को मोबाइल एप पर हिंदी और गणित विषयों में उनकी दक्षताओं को जांचने के लिए आंकलन का कार्य किया।*

- निपुण हरियाणा मिशन के तहत स्कूलों में गति देने के लिए सभी 478 प्राथमिक विद्यालयों में किया गया आंकलन का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

निपुण हरियाणा मिशन को जिले के स्कूलों में गति देने के लिए सभी 478 प्राथमिक विद्यालयों में दूसरी व तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले सभी बच्चों का गणित और हिंदी विषयों के लिए बच्चों की दक्षताओं को जांचने के लिए दो दिवसीय आंकलन का कार्य किया गया। इस आंकलन के लिए 950 पीजीटी और टीजीटी की ड्यूटी लगायी गई थी। इन अध्यापकों ने उन्हें आबंटित विद्यालयों में 15 और 16 सितंबर को पहुंचकर कक्षा 2 व 3 में उपस्थित सभी बच्चों का एक-एक करके मोबाइल एप पर हिंदी और गणित विषयों में उनकी दक्षताओं को जांचने के लिए आंकलन का कार्य किया। इस दौरान इन अध्यापकों ने कुल 6378 बच्चों का आंकलन किया। इस कार्य में किसी तरह की कोई कमी न रह जाए इसके लिए आंकलन के इस कार्य का जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा बाकायदा पर्यवेक्षण भी किया गया।




**अंबाला।** बच्चों से बातचीत करते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा। फोटो : हरिभूमि

### जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने आंकलन का किया निरीक्षण

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा जिला में प्राथमिक विद्यालयों में चल रहे आंकलन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि इस आंकलन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की भाषा और गणना की दक्षताओं की जांच एवं सीखने के स्तर का आंकलन करना है। इस आंकलन से हमें यह ज्ञात हो पाएगा कि अब तक हमारे कितने बच्चे निपुण लक्ष्यों को प्राप्त कर चुके हैं। जो बच्चे अभी तक निपुण दक्षताएं हासिल नहीं कर पाए हैं उन्हें 31 मार्च 2026 तक निपुण बनाने के लिए शिक्षकों और मेंटर्स के साथ मिलकर योजना बनाई जाएगी। इस दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला नं. 1, राजकीय प्राथमिक पाठशाला नं. 7, राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेंट्रल जेल तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला मॉडल टाउन का निरीक्षण किया।

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने को ठोस कदम उठाने का मार्ग प्रशस्त होगा

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सभी संबंधित शिक्षकों ने निर्धारित कक्षाओं में विद्यार्थियों की दक्षताओं की जांच गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ की तथा इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया कि सभी विद्यार्थी इस आकलन में सम्मलित हो। यह आंकलन विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति के स्तर की वास्तविक स्थिति जानने तथा आगे की शैक्षिक योजनाएं बनाने के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। आंकलन की यह मॉनिटरिंग जिला में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। शिक्षकों द्वारा कक्षावार विद्यार्थियों की साक्षरता जांच की गई तथा नामांकन की स्थिति दर्ज की गई। इससे विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने हेतु ठोस कदम उठाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

---

नारायणगढ़ में विकास कार्यों को मिलेगी नई दिशा

# 29 सड़कों की बदलेगी तस्वीर, सीएम नायब सैनी ने दी निर्माण की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

विधानसभा नारायणगढ़ में विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 29 सडक़ों के सुदृढ़ीकरण और मजबूतीकरण की स्वीकृति प्रदान की है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय क्षेत्र की जनता के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं में प्रमुख सडक़ों में -ओल्ड रायपुररानी स्लिप रोड (राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल नारायणगढ़ से स्टेट हाइवे-1 तक), फिरोजपुर से टोका साहब गुरुद्वारा, स्टेट हाइवे-1 से कोहड़ा भूरा, कोहड़ा भूरा से भूरेवाला स्कूल, लिंक रोड से नन्हेड़ा, लिंक रोड शामड़ू, लिंक रोड से जटवाड़, लिंक रोड से डेहर, बाल्टी गदौली रोड टू हाउस ऑफ शहीद पवन कुमार, बधौली रोड से बख्तुआ, लिंक रोड से शाहपुर स्कूल, बधौली रोड से ब्राह्मण माजरा, बधौली रोड से पिंजौरी, बधौली रोड से नगांवां, बधौली रोड से आजमपुर, लिंक रोड बेरखेड़ी से गणौली, मोमनपुर को (आईपीबी/ इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक) की बनाया जाएगा। इसी प्रकार स्टेट हाइवे-1 से उज्जल माजरी (हिमाचल बॉर्डर तक), लिंक रोड फ्रॉम एनएच-72 से गलोडी, फिरोजपुर से मुगल माजरा, लिंक रोड से ठरवा वाया सुरगल, लिंक रोड फ्रॉम लखनौरा से अंधेरी, रायपुररानी-नारायणगढ़ रोड से लाहा मंडलाया, लिंक रोड फ्रॉम गांधीनगर से मोमनपुर, लिंक रोड टू कंजाला, बहलोली से कोडवा खुर्द, लिंक रोड अंबाला-जगाधरी रोड से खुडड़ा- दुखेड़ी तथा एनएच-72 से एनएच-73 वाया धनाना, खानपुर रसीदपुर और रामपुर सडक़ों का निर्माण लूक तारकोल और पेवर ब्लॉक से किया जाएगा।



सड़कों के निर्माण से वाहन चालकों को मिलेगी भारी राहत

भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी

### मजबूत कनेक्टिविटी मिलेगी

संदीप सैनी ने कहा कि यह सब संभव हुआ है मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व और एक समान विकास की सोच के कारण। क्षेत्र के लोगों को अब ओर अधिक बेहतर सडक सुविधा मिलेगी, जिससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि ग्रामीण अंचलों को भी शहरों से मजबूत कनेक्टिविटी मिलेगी।

---

अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित मोहड़ा के निकट भीषण हादसा

# केबिन में फंसने से कैंटर चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित मोहड़ा के निकट सोमवार भीषण सड़क हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए।

दिल्ली की तरफ जा रही तेजरफ्तार अनियंत्रित कार ने कैंटर को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके बाद कैंटर हाईवे की दूसरे लेन में जाकर सामने से आ रही एक निजी बस में टकरा गया। इस हादसे में कैंटर चालक की केबिन में ही फंसने के कारण मौत हो गई। फंसे हुए शव को क्रेन की मदद से करीब आधे घंटे के बाद बाहर निकाला गया। दूसरी तरफ, निजी बस चालक मलेरकोटला के हरफूल सिंह की बाजू में फ्रेक्चर व कार चालक फिरोजपुर के गुरबीर को चोट आई। मोहड़ा पुलिस चौकी प्रभारी शीशपाल ने बताया कि हादसे के समय दो कैंटर साथ चल रहे थे। दूसरे कैंटर के चालक एटा के सुखबीर की शिकायत पर कार चालक फिरोजपुर के गुरबीर पर मामला दर्ज कर लिया है।




---

महिला उद्यमियों के जज़्बे, नवाचार और उनके प्रभाव को समर्पित

# 19 सितंबर को परिवर्तन का उत्सव उड़ान कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** टाई (टीआईई) चंडीगढ़, सहायक एसोसिएट्स के सहयोग से, शुक्रवार 19 सितंबर 2025 को शाम 4 बजे से 7 बजे तक चंडीगढ़ क्लब, सेक्टर 1 में अपना प्रमुख कार्यक्रम परिवर्तन का उत्सव उड़ान आयोजित करने जा रहा है।

यह विशेष संध्या महिला उद्यमियों के जज़्बे, नवाचार और उनके प्रभाव को समर्पित होगी। इसमें प्रेरणादायक जीवन यात्राओं, उद्यमशील प्रस्तुतियों और महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों की प्रदर्शनी का संगम होगा, जो पंजाब सहित विभिन्न राज्यों के सेल्फ हेल्प ग्रुप्स, स्टार्टअप्स और स्थापित उद्यमों की आवाज़ों को एकजुट करेगा। शाम की शुरुआत एक विशेष संवाद से होगी जिसमें दिविता जुनेजा (अभिनेत्री एवं उद्यमी) और हिमानी अरोड़ा (फाउंडर स्टूडियो हिमानी अरोड़ा) शामिल होंगी तथा इसका संचालन ओपिंदर कौर गिल (उद्यमी एवं कम्युनिटी बिल्डर) करेंगी। कार्यक्रम में पंजाब की कम्युनिटी अफेयर्स डिवीजन से गुरप्रीत कौर देओ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होंगी। इसके अलावा ऑफ फेथ फ्रॉम साइड हसल टू सब्स्टेनेबल बिज़नेस विषय पर एक पैनल चर्चा आयोजित की जाएगी, जिसमें नानकी अरोड़ा सिंह फाउंडर द सीक्रेट आइस क्रीम सोसाइटी; ऋतु कोचर, फाउंडर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिज़ाइन, आईएनआईएफडी और अक्षिना जिंदल, फाउंडर एवं सीईओ बबल मी अपने विचार साझा करेंगी। इस पैनल का संचालन तनुश्री गुप्ता, को-चेयर, टाई वीमेन एवं फाउंडर थिंक पीपल फर्स्ट करेंगी। शाम को खास बनाते हुए डांस मूवमेंट थेरेपिस्ट शुचि सिंह पावर ऑफ मूवमेंट नाम से एक सत्र लेंगी।

---

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर होंगे कई कार्यक्रम

*भाजपा ने मीटिंग के दौरान कार्यक्रमों की बनाई योजना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मंत्री अनिल विज के निर्देशानुसार भाजपा महेश नगर मंडल की बैठक अंबाला छावनी कार्यालय में मंडल अध्यक्ष हर्ष बिंद्रा की अध्यक्षता में सपन्न हुई। इसमें जिला सह संयोजक राजीव डिंपल ने राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा 2 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाले पथ संचलन के कार्यक्रम के बारे में बताया। बैठक में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रमों के आयोजन करने पर चर्चा की गई, कार्यक्रमों के आयोजनों को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह नजर आया।

महेश नगर मंडल के संयोजक विजेंद्र चौहान ने बताया कि महेश नगर मंडल में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर श्रमिक चौकों पर लड्डू बांटकर सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों की शुरुआत करेगा। 17 सितंबर के बाद स्वच्छता अभियान,रक्तदान शिविर ,स्वास्थ्य जांच शिविर, पोधारोपण , 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम व अन्य सेवा प्रकल्पो का आयोजन करेगा। बैठक का संचालन महामंत्री एडवोकेट पुनीत सरपाल सह, सयोजक ने किया । इस दौरान जिला सचिव नरेश शर्मा व आरती सहगल ,महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा पुरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय, नप सदस्य सोमनाथ ,रमन छतवाल, भूपेश शर्मा, श्याम अरोड़ा और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभय चौटाला के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला कार्यकारणी सदस्य विजेंद्र चौहान ने कड़ा प्रहार किया।



मीटिंग के दौरान मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

---

गुरुद्वारा श्री दशमेश साहिब में मनाया गया स्थापना दिवस

# गुरबाणी की स्वर लहरियों से संगत को किया निहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

यहां के सिंहपुरा मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा श्री दशमेश साहिब में 31वां स्थापना दिवस बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब का मंगलवार को भोग डाला गया। पूरे गुरुद्वारा परिसर में गूंज रही गुरबाणी की स्वर लहरियों ने उपस्थित संगत को आध्यात्मिक आनंद और शांति का अनुभव कराया।गुरुद्वारा श्री दशमेश साहिब प्रबंधक कमेटी प्रधान तरसेम सिंह की देखरेख और मार्गदर्शन में संपन्न इस आयोजन में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक (एचएसजीपीसी) प्रचार कमेटी के चेयरमैन बलजीत सिंह दादूवाल, उपप्रधान गुरवीर सिंह, एनआरआई विंग चेयरमैन राजिंद्र सिंह कोकी, सुखविंद्र सिंह, मेंबर स्वर्ण सिंह, मेंबर गुरतेज सिंह, हरपाल सिंह, प्रिंस, दातला, मलकीत सिंह, बीबी करतार कौर, प्रदीप सैनी मुख्य रूप से उपस्थित हुए।भोग उपरांत विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इसमें भाई गुरसेवक सिंह रंगीला, भाई सुखविंदर सिंह और अन्य प्रसिद्ध रागी जत्थों ने मधुर शबद-कीर्तन कर संगत को गुरु चरणों से जोड़ा। कीर्तन के दौरान पूरा वातावरण वाहेगुरु के नाम से गूंज उठा।



**बराड़ा।** धार्मिक आयोजन में कीर्तन करता रागी जत्था। फोटो : हरिभूमि

---

# पीएम के जन्मदिन पर चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

रेहड़ी फड़ी वालों के लिए राहत का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगर पालिका क्षेत्र में 17 सितंबर को एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ नागरिकों में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने मंगलवार को नपा कार्यालय में अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर इस अभियान की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने बताया कि इस विशेष दिन पर शहर के प्रमुख हिस्सों में गहन सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रधान रजत मलिक ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि कोरोना काल के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए शुरू की गई रियायती ब्याज दर वाली लोन योजना की राशि अब बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ उठाने में रेहड़ी-फड़ी वालों की मदद के लिए आगामी शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में एक विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे ताकि लाभार्थियों को आवेदन करने में कोई परेशानी न हो।प्रधान रजत मलिक ने बताया कि शहर के मुख्य बाजार की खराब लाइटों को बदल कर उनकी जगह नई एलईडी लाइटें लगाने का काम शुरू हो गया है,



नपा अध्यक्ष रजत मलिक।

---

# सामूहिक एकासना व्रत दिवस के रूप में मनाया जाएगा

**मुलाना।** राष्ट्रीय संत व वर्तमान जैनाचार्य डॉ. शिव मुनि के 84वें जन्मोत्सव पर 18 सितंबर को एसएस जैन स्थानक में साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के पावन सान्निध्य में आत्म शुक्ल शिव प्रकाशोत्सव के अवसर पर सामूहिक एकासना व्रत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। एसएस जैन सभा के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि इस आयोजन को पूरे देश में बड़ी श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के पावन सान्निध्य में एकाशना/आयम्बिल व्रत का आयोजन व जप-तप बड़ी श्रद्धा के साथ किया जाएगा। श्रीपाल जैन ने बताया कि आचार्य के नेतृत्व में देश भर में 1350 से अधिक जैन साधु-साध्वियां धर्मप्रचार व संयम साधना में रत हैं। जैन ने सभी श्रद्धालुओं को इस पावन अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

मुस्तैदी | कंट्रोल रूम में भेजी गई थी कोर्ट कांप्लेक्स में लावारिस बैग होने की सूचना

# पुलिस की ओर से कोर्ट कांप्लेक्स में की मॉकड्रिल सायरन बजते ही जवानों ने संभाला मोर्चा

*संदिग्ध या लावारिस वस्तु नजर आए तो डॉयल-112 पर सूचना दें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

आपात स्थिति से निपटने के लिए मंगलवार को कोर्ट कांप्लेक्स में पुलिस की ओर से मॉकड्रिल की गई। एसपी अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार सहायक पुलिस अधीक्षक व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय में आपात स्थिति से निपटने व अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधी को पकड़ने व बम की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर आमजन की सुरक्षा करने के लिए पुलिस के जवानों द्वारा मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। मंगललवार को कंट्रोल रूम को सूचना भेजी गई कि कोर्ट कांप्लेक्स में एक लावारिस बैग पड़ा है। इसमें कोई भी संदिग्ध वस्तु हो सकती है। सूचना मिलते ही पुलिस बल तुरन्त मौके पर पहुंचे। कोर्ट कांप्लेक्स के उस क्षेत्र को खाली करवाकर जवानों को तैनात किया। इसके साथ- साथ पुलिस के उच्चाधिकारिया को सूचित कर तुरंत कार्रवाई कर बम डिस्पोजल स्कवॉयड, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस को सूचना दी गई कि आमजन की सुरक्षा के लिए तुरंत मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विजय कुमार के नेतृत्व मे प्रबंधक थाना अंबाला शहर व चौकी प्रभारी रोशन लाल बम डिस्पोजल स्कवॉयड बम निरोधक सामान के साथ मौके पर पहुंचे। स्कवॉयड में शामिल जवानों ने लावारिस सामान को कब्जे में लेकर बम निरोधक सामान के साथ उसे निष्क्रय करने का अभ्यास किया।



**अंबाला।** संदिग्ध वस्तु को जांचता बम स्कवॉयड का जवान। फोटो : हरिभूमि

### आपात स्थिति से निपटने को तैयार रहें

पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम व किसी भी आपात स्थिति से निपटने को ध्यान में रखते हुए सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबंधक थाना, निरीक्षक सीआईए, एवीटी सैल, सभी पुलिस चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए कि वह भविष्य में सूचना मिलते ही अपने-अपने क्षेत्र में तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी करें। इससे अपराधों की रोकथाम कर अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। एसपी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भविष्य में जब भी कोई संदिग्ध या लावारिस वस्तु नजर आए तो उसकी सूचना तुरन्त नजदीक पुलिस थाना या कंट्रोल रूम डॉयल-112 पर दें।

---

### मानवता की सेवा में लगाने वाला व्यक्ति ही सच्चा संत होता

**पिहोवा।** डेरा सचखंड ईशर दरबार जुरासी में चल रहा संत बाबा ईशर सिंह जी राड़ा साहिब वालों का सालाना बरसी समागम मंगलवार को संपन्न हुआ। तीन दिन तक चले इस धार्मिक कार्यक्रम में रुहानी कीर्तन में हजारों की संख्या में संगत ने हिस्सा लिया। संत बाबा मणि सिंह ने कहा कि सांसारिक सुखों का त्याग कर अपने जीवन को मानवता की सेवा में लगाने वाला व्यक्ति ही सच्चा संत होता है। दिवंगत संत बाबा ईशर सिंह राड़ा साहिब वाले और संत बाबा मान सिंह जुरासी वालों का जीवन इसका प्रत्यक्ष प्रमाण रहा।

उन्होंने कहा कि संत रूप में ऐसी महान विभूतियां धरती पर ईश्वर के भेजे हुए दूत होते हैं। समागम में रागी जत्थों ने संगत को गुरबाणी से निहाल किया। विभिन्न संप्रदायों के संत महात्माओं और सिख विद्वानों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के संदेश से लोगों को अवगत कराया।